No. of Printed Pages/Questions: 2 / 4

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test – I (Round – I) 2025 – 2026

Class - 9 MM-20

Subject- Hindi Time: 1 Hrs.

Name: ____________ Roll No.:__________

---

***General Instructions:* All questions are compulsory.**

**प्र0 1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए– 1X3+2X1=5**

यों तो मानव के इतिहास के आरंभ से ही इस कला का सूत्रपात हो गया था। लोग अपने कार्यों या विचारों के समर्थन के लिए गोष्ठियों या सभाओं का आयोजन किया करते थे। प्रचार के लिए भजन–कीर्तन मंडलियाँ भी बनाई जाती थीं। परंतु उनका क्षेत्र अधिकतर धार्मिक, दार्शनिक या भक्ति संबंधी होता था। वर्तमान विज्ञापन कला विशुद्ध व्यावसायिक कला है और आधुनिक व्यवसाय का एक अनिवार्य अंग है। विज्ञापन के लिए कई साधनों का उपयोग किया जाता है; जैसे– हैंडबिल, रेडियो और दीवार–पोस्टर, समाचार–पत्र, पत्रिकाएँ, बड़े–बड़े साइनबोर्ड, इंटरनेट और दूरदर्शन। जब से छपाई का प्रचार–प्रसार बढ़ा तब से इश्तिहार या हैंडबिल का विज्ञापन के लिए प्रयोग आरंभ हुआ। कागज और मुद्रण सुविधा के सुलभ होने से विज्ञापन के इस माध्यम का उपयोग बहुत अधिक लोकप्रिय हुआ। मान लीजिए, साड़ियों की दो समान दुकानें एक ही बाजार में हैं। इनमें से 'क' तो इश्तिहार (हैंडबिल) गली–मोहल्ले में बँटवाता है और 'ख' हाथ–पर–हाथ धरे बैठा रहता है, तो परिणाम यह होगा कि 'क' का नाम लोगों के मुँह पर चढ़ जाएगा। वह अधिक लोकप्रिय हो जाएगा और उसके माल की बिक्री बहुत बढ़ जाएगी। बहुत से व्यापारी बहुत बड़े–बड़े विज्ञापन छपवाकर नगर की दीवारों पर चिपकवा देते हैं। बहुत से तो दीवारों पर ही विज्ञापन लिखवा देते हैं। इससे आते–जाते लोगों की नजर उन पर पड़ती है और वह विज्ञापनकर्ता की सेवाओं या वस्तुओं से परिचित हो जाते हैं। फिर जब उसे आवश्यकता पड़ती है तो विज्ञापनकर्ता का नाम ही उसकी स्मृति में उभरता है।

**I कथन (A) इतिहास के आरंभ में विज्ञापन कला का स्वरूप गोष्ठियाँ थीं।**

**कारण (R) लोग अपने कार्यों के समर्थन के लिए गोष्ठियाँ या सभाएँ करते थे।**

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(ख) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(घ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

**II वर्तमान में विज्ञापन कला है।**

(क) विशुद्ध शैक्षिक कला

(ख) विशुद्ध धार्मिक कला

(ग) विशुद्ध व्यावसायिक कला

(घ) विशुद्ध दार्शनिक कला

III उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य संदेश क्या है?

(क) उत्पादक द्वारा अपने उत्पाद की गुणवत्ता बताना।

(ख) अपने उत्पाद का प्रचार–प्रसार करना।

(ग) गुणवत्ता युक्त उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित करना।

(घ) लोकप्रिय बनने के लिए विज्ञापन का सहारा लेना चाहिए।

IV विज्ञापन से क्या लाभ है?

**प्र0 2 दिए गए प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए–** **(1X4 = 4)**

I 'अत्यधिक' शब्द में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए।

II 'उत्पात' में कौन–सा उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है ?

III 'बिछौना' में कौन–सा प्रत्यय है ?

IV 'बहाव' शब्द में कौन–सा प्रत्यय है ?

**प्र0 3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X3 = 6)**

I 'दो बैलों की कथा' पाठ में कौन–कौन से नीति विषयक मूल्य उभरकर आए हैं ?

II हीरा और मोती एक–दूसरे के प्रति अपना प्रेम और मित्रता कैसे व्यक्त करते थे ?

III 'संगठन में शक्ति है'– हीरा और मोती ने इसका नमूना किस तरह प्रस्तुत किया ?

**प्र0 4 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 से 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** **(5X1=5)**

क **कंप्यूटर : आज की ज़रूरत–** कंप्यूटर का परिचय, कंप्यूटर की उपयोगिता, कंप्यूटर से होने वाली हानियाँ

ख **प्लास्टिक की दुनिया–** प्लास्टिक का आविष्कार और इसका उपयोग, प्लास्टिक के गुण व दोष, प्लास्टिक का पर्यावरण पर प्रभाव

ग **मनोरंजन के आधुनिक साधन–**मनोरंजन का तात्पर्य, मनोरंजन के साधन, मनोरंजन की आवश्यकता

––0––